प्रादेशिक समाचार

दिनांक–05.06.2024 (दोपहर–1455 बजे)

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने राष्ट्रपति से मिलकर अपना इस्तीफा सौंपा। राष्ट्रपति ने उनका इस्तीफा स्वीकार करते हुए नयी सरकार के गठन तक कार्यवाहक प्रधानमंत्री बने रहने को कहा है।

****

राजनीतिक दलों ने लोकसभा चुनाव के परिणामों की घोषणा के बाद सरकार गठन के प्रयास तेज कर दिए हैं। एनडीए की आज राजधानी दिल्ली में बैठक हो रही है। इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार सरकार गठन के लिए भावी कार्रवाई पर विचार किया जाएगा। उधर, आईएनडीआईए गठबंधन की भी आज शाम राजधानी दिल्ली में बैठक है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि चुनाव नतीजों और आगे की रणनीति पर विचार के लिए शाम छह बजे गठबंधन की बैठक होगी। इसमें राष्ट्रीय जनता दल के तेजस्वी यादव और झामुमो की ओर से झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन भी भाग लेंगे।

****

543 सदस्यों वाली लोकसभा के चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन को 292 सीटें मिली हैं। भाजपा ने अकेले 240 सीटें हासिल की हैं। तेलुगु देशम पार्टी को 16 और जनता दल–यूनाईटेड को 12 सीटें मिली हैं। आई.एन डी.आई गठबंधन ने 233 सीटें जीती हैं। अन्य के खाते में 18 सीटें गई हैं। कांग्रेस को 99 सीटें मिली हैं। समाजवादी पार्टी ने 37 सीटें जीती हैं जबकि तृणमूल कांग्रेस ने 29 और डीएमके ने 22 सीटों पर विजय हासिल की हैं।

****

झारखंड में 14 सीटों पर हुए लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने आठ, उसकी सहयोगी आजसू पार्टी ने एक, झारखंड मुक्ति मोर्चा ने तीन और कांग्रेस ने दो सीटों पर जीत दर्ज की है। पिछले चुनाव के मुकाबले में भाजपा नेतृत्व वाले एनडीए को तीन सीटों का नुकसान हुआ है जबकि झामुमो को दो और कांग्रेस को एक सीट का फायदा हुआ है। भाजपा ने रांची, कोडरमा, पलामू, हजारीबाग, चतरा, गोड्डा, जमशेदपुर और धनबाद सीट पर जीत दर्ज की है जबकि आजसू पार्टी अपनी गिरिडीह सीट बचाने में कामयाब रही है। झामुमो ने राजमहल के अलावा दुमका और सिंहभूम सीट पर भी कब्जा कर लिया है जबकि कांग्रेस ने खूंटी और लोहरदगा सीट भाजपा से छीन ली है।

****

गोड्डा संसदीय क्षेत्र से भाजपा के निशिकांत दुबे के लगातार चौथी बार जीतने से उनके समर्थकों में जश्न का माहौल है।

****

चुनाव परिणाम आने के बाद आज केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में 17वीं लोकसभा को भंग करने की सिफारिश की गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवास पर हुई इस बैठक में केन्द्रीय मंत्री अमित शाह, नितिन गडकरी, राजनाथ सिंह और अन्य कैबिनेट मंत्री उपस्थित थे। यह बैठक लोकसभा चुनाव में एनडीए की जीत के एक दिन बाद हुई।

****

पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के तृतीय जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश शंकर कुमार महराज की अदालत ने हत्या के चार आरोपियों को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने

आरोपियों पर साढ़े सात हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माने की राशि नही देने पर दो महीने अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

****

सरायकेला—खरसावां में जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधे लगाए गए। इस मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रामाशंकर सिंह, जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रथम चौधरी, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कवितांजलि टोप्पो, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव तौसीफ मेराज उपस्थित रहे। उपस्थित सभी अतिथियों द्वारा वृक्षारोपण कर पर्यावरण को हरा भरा रखने के लिए संदेश दिया गया। उधर, पलामू जिले में भी सिविल कोर्ट परिसर में प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।।

*********समाप्त*******